# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही

सी.यू.जी. – 9454400307, दूरभाष- 05414-250236, ई-मेल- spsrn-up@nic.in

## प्रेस-नोट, जनपद भदोही

**दिनांक- 06.07.2025**

**श्री अभिमन्यु मांगलिक ,** पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा **श्री शुभम अग्रवाल,** अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 06.07.2025 को साइबर क्राइम पुलिस द्वारा मुखबीर की सूचना पर धोखाधड़ी कर रुपए हड़पने वाले संगठित गिरोह के कुल-02 शातिर ठग गिरफ्तार, कब्जे से 03 अदद एंड्रायड मोबाइल फ्राड के ,1200 रुपये 02 अदद आधार कार्ड ,01 अदद पैन कार्ड, 01 अदद क्रेडिट कार्ड , 01 अदद वेलकम कार्ड बरामद किया गया ।

### पूर्व की घटनाओं का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक-18.03.2025 को श्री शिशिर कुमार साहू पुत्र स्व0 शीतलाप्रसाद साहू निवासी कर्नलगंज, कर्नलगंज नगर प्रयागराज उत्तर प्रदेश, वर्तमान पता स्टेट बैंक आँफ इंडीया ज्ञानपुर थाना ज्ञानपुर अन्तर्गत स्टेट बैंक के कर्मचारी के व्हट्सऐप पर ट्रेडींग स्टॉक रीलेटेड मैसेज भेज कर फर्जी शेयर बेचकर 2279000 रु0 ठगी करने के संबंध में थाना भदोही पर सूचना दिया गया, सूचना के आधार पर थाना भदोही पर मु0अ0सं0 15/2025 धारा 319(2)/318(4)/66(डी) बी0एन0एस0 का अभियोग अज्ञात के विरुध पंजीकृत किया गया।

### अभियुक्तों की गिरफ्तारी का विवरण-

श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा श्री शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के नेतृत्व में आज दिनांक 06.07.2025 को साइबर पुलिस टीम द्वारा मुखबीर की सूचना पर उपरोक्त मुकदमे से सम्बंधित प्रकाश मे आये अभियुक्तों के मोबाइल लोकेशन के आधार पर सिंहपुर नहर पुलिया ज्ञानपुर से 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से 03 अदद एंड्रायड मोबाइल फ्राड के ,1200 रुपये 02 अदद आधार कार्ड ,01 अदद पैन कार्ड, 01 अदद क्रेडिट कार्ड , 01 अदद वेलकम कार्ड बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है । अभियुक्तों के अन्य अपराधिक घटनाओं के बारे में जानकारी की जा रही है ।

### पूछताछ का विवरण-

पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोगो के द्वारा ही लोगो के व्हाट्सएप हैक करके तथा कुछ फर्जी व्हाट्सएप नंबर से जिसमें कुछ बर्चुअल नंबर भी रहते थे एक व्हाट्एस ग्रुप बनाकर भोले- भाले लोगो को फर्जी शेयर ट्रेडिंग का वेबसाइट बनाकर कम समय में अत्याधिक मुनाफे का लालच देकर उनके पैसे फ्राड अपने खाते में जमा करवा लेते थे तथा उस फर्जी बैवसाइट पर उनके आईडी पर फर्जी मुनाफा दिखाते थे । जब वह व्यक्ति पैसा देना बंद कर देता था तो फर्जी व्हाट्एस ग्रुप व फर्जी वेबसाइट को डिलीट कर उसकी सारी जानकारी नष्ट कर देते थे । फिर नये तरीके से नये-नये लोगो से अलग-अलग तरीके से हम दोनो फ्राड करते हैं। लगभग 03 माह पूर्व भी एक व्यक्ति से लगभग 22,50,000/- का फ्राड हम लोगों द्वारा किया गया जिसमें 1725000/- हमने अपने बैंक खाता संख्या 20250000001613 ESAF स्माल फाइनेन्स बैंक में जमा करा लिया और शेष पैसों को हम लोगों के पास उपलब्ध दो और खातों में ट्रांसफर कर दिया गया खाते में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर 7052733058 जो मेरे नाम से था तथा जिसका उपयोग करके सारा आनलाइन ट्रांजैक्शन किये थे काम हो जाने के बाद तोड़कर फेंक दिये।

**अपराध का तरीका-**

पेशेवर तरीके से संगठित होकर अपने आर्थिक भौतिक लाभ हेतु व्हाट्सएप हैक करके तथा कुछ फर्जी व्हाट्सएप नंबर से जिसमें कुछ बर्चुअल नंबर भी रहते थे एक व्हाट्एस ग्रुप बनाकर भोले भाले लोगो को फर्जी शेयर ट्रेडिंग का वेबसाइट बनाकर कम समय में अत्याधिक मुनाफे का लालच देकर उनके पैसे फ्राड अपने खाते में जमा करवा लेते थे तथा उस फर्जी बैवसाइट पर उनके आईडी पर फर्जी मुनाफा दिखाते थे । जब वह व्यक्ति पैसा देना बंद कर देता था तो फर्जी व्हाट्एस ग्रुप व फर्जी बैवसाइट को डिलीट कर उसकी सारी जानकारी नष्ट कर देते थे ।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता-**

01. आकाश जायसवाल पुत्र बृजबिहारी जायसवाल निवासी वाराणसी रोड कौड़ीराम बांसगांव गोरखपुर 02. निखिल मिश्रा पुत्र संजय मिश्रा निवासी चौरी चौरा तेंदुआ खुर्द जनपद गोरखपुर

**बरामदगी का विवरण -**

03 अदद एंड्रायड मोबाइल फ्राड के ,1200 रुपये 02 अदद आधार कार्ड ,01 अदद पैन कार्ड, 01 अदद क्रेडिट कार्ड , 01 अदद वेलकम कार्ड बरामद किया गया ।

**अनावरित अभियोग का विवरण-**

1. मु0अ0सं0 15/2025 धारा 318(4),319(2),316(5) BNS व 66 डी आईटी एक्ट थाना साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद भदोही ।

**गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-**

प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह का0 अभिषेक शुक्ला व का0 कन्हैया कुमार के साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद भदोही

